सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून 20 मार्च, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को राजभवन में गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनमोहन चौहान ने शिष्टाचार भेंट कर विश्वविद्यालय की प्रगति एवं कार्य योजना का प्रस्तुतीकरण दिया। राज्यपाल ने कहा कि जीबी पंत विश्वविद्यालय कृषि एवं बीज के क्षेत्र में रिसर्च और टेक्नोलॉजी के माध्यम से क्रांति का अग्रदूत बने। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विश्व स्तरीय होने के नाते अपनी पहचान को सार्थक करते हुए कृषि के क्षेत्र में लोगों के लिए अपना योगदान दे।

राज्यपाल ने कुलपति को तीन माह के भीतर कृषि के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर और राज्य स्तर पर रिसर्च कर अपने सुझाव देने को कहा। उन्होंने कहा कि किसानों की बेहतरी और फसलों की उन्नत पैदावार के लिए भी अपने सुझाव देने को कहा। राज्यपाल ने कहा कि उन्नत कृषि उत्पादन के लिए इजराइल जैसे आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने वाले देश की तकनीकों पर अनुसंधान कर उन तकनीकों पर कार्य करने के प्रयास करें। कुलपति ने राज्यपाल को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए सुझावों पर यथाशीघ्र कार्यवाही का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रो. डॉ. एस. के. कश्यप, डॉ. एच. एन. सिंह और विनोद गौड़ उपस्थित रहे।

..........0..........